फैक्स / क्यूमेल / आवश्यक

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश

टॉवर–1 चतुर्थ तल, सिग्नेचर बिल्डिंग गोमती नगर विस्तार, लखनऊ–226002

संख्याः18–आशु0 (वरिष्ठता)–2025

दिनांक:लखनऊ:सितम्बर 24 ,2025

## आदेश

उत्तर प्रदेश पुलिस लिपिक, लेखा एवं गोपनीय सहायक संवर्ग सेवा नियमावली–2015 (यथा–संशोधित) में निहित निर्देशों के अन्तर्गत अनुपयुक्त को अस्वीकार करते हुये, ज्येष्ठता के आधार पर पुलिस उपनिरीक्षक (गोपनीय) से पुलिस निरीक्षक(गोपनीय) के पद पर पदोन्नति हेतु भर्ती बोर्ड स्तर पर गठित विभागीय चयन समिति की संस्तुति अपर सचिव प्रोन्नति, उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ के पत्र संख्याः पीआरपीबी–चार–10(41)–2025 दिनॉक 16.09.2025 द्वारा इस मुख्यालय को उपलब्ध कराई गयी है, जिसमें 43 कार्मिकों को पुलिस उपनिरीक्षक (गोपनीय) से पुलिस निरीक्षक (गोपनीय) के पद पर पदोन्नति हेतु उपयुक्त पाया गया है, जिसे पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा अनुमोदित कर दिया गया है। उपयुक्त पाये गये 43 कार्मिकों के सापेक्ष वर्तमान में दिनांकः 31.08.2025 तक पुलिस निरीक्षक(गोपनीय) की 24 रिक्तियां विद्यमान हैं, जिनका पदोन्नति आदेश निर्गत किया जा रहा है। शेष बच रहे 19 कार्मिकों का पदोन्नति आदेश माह सितम्बर–2025 से जून–2026 तक माहवार घटित होने वाले पुलिस निरीक्षक (गोपनीय) की रिक्तियों के सापेक्ष समायोजित किया जाना प्रस्तावित है।

2. उक्त के दृष्टिगत अपर सचिव प्रोन्नति, उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा उपलब्ध करायी गयी विभागीय चयन समिति की सूची के क्रमांक 01 से 24 पर अंकित कर्मियों को तत्कालिक प्रभाव से इनके वर्तमान नियुक्ति स्थान पर ही पुलिस निरीक्षक (गोपनीय) के पद पर पदोन्नति प्रदान की जाती है, जिसका विवरण निम्नवत हैः–

| क्र0 सं0 | ज्ये0 क्र0 | पी0एन0ओ0 | नाम | पिता का नाम | जन्मतिथि | नियुक्ति स्थान | चयन वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 3 | 115022283 | श्री सुनील कुमार राय | श्री बृजन राय | 02.08.1978 | CID LKW | 2025 |
| 2 | 4 | 112153221 | कुँ0 मुमताज जहॉ | स्व. इतायत अली | 06.12.1982 | CID LKW | 2025 |
| 3 | 5 | 112514802 | श्री विकाश कुमार | श्री उत्तम प्रकाश | 07.12.1990 | 34BN | 2025 |
| 4 | 6 | 112495653 | श्री विकास कुमार | स्व0 श्री नेम सिंह | 02.05.1989 | PTS JLN | 2025 |
| 5 | 7 | 112441832 | श्री गौरव कुमार तिवारी | चन्द्र शेखर तिवारी | 15.08.1990 | PTS JLN | 2025 |
| 6 | 8 | 121040015 | श्रीमती उषा यादव | स्व0 रूम सिंह | 05.07.1989 | BRA ACADEMY MDD | 2025 |
| 7 | 9 | 122620041 | श्री अश्वनी कुमार राव | स्व0 ब्रम्हा राव | 02.02.1989 | GRP GKR | 2025 |
| 8 | 10 | 120670015 | श्री पियूष पाण्डेय | स्व0 शिवशंकर पाण्डेय | 20.04.1984 | EWH | 2025 |
| 9 | 11 | 122320114 | श्री अवनीश कुमार | स्व0 राम नगीना | 02.05.1987 | GDA | 2025 |
| 10 | 12 | 122320127 | श्री धर्मेन्द्र यादव | स्व0चन्द्रशेखर | 15.07.1991 | KSN | 2025 |
| 11 | 13 | 122320101 | श्री अफजाल आलम खॅा | स्व.गयास आलम खॉ | 06.06.1992 | DOA | 2025 |
| 12 | 14 | 120530034 | श्री आदित्य कुमार सिंह | स्व. राणा प्रताप सिंह | 05.12.1990 | MRJ | 2025 |
| 13 | 15 | 120640012 | श्री अनूप कुमार सिंह | स्व.सुरेश कुमार सिंह | 08.08.1990 | COMM. VNS | 2025 |
| 14 | 16 | 120570025 | श्री शिवजी ठाकुर | श्री शिवधारी ठाकुर | 20.07.1989 | COMM. VNS | 2025 |
| 15 | 17 | 120630024 | कुमारी पूनम सिंह | स्व.श्री इन्द्रपाल सिंह | 25.07.1989 | 33 BN | 2025 |
| 16 | 18 | 122380019 | श्री संजीव पाण्डेय | स्व. श्रीप्रकाश पाण्डेय | 12.09.1989 | AZH | 2025 |
| 17 | 19 | 122520051 | श्री संजीव सिंह यादव | मारकण्डे सिंह यादव | 27.03.1983 | 42 BN | 2025 |
| 18 | 20 | 122760019 | श्री महेन्द्राशीष मिश्र | स्व. महेन्द्र नाथ मिश्र | 10.02.1992 | CID | 2025 |
| 19 | 21 | 122610040 | श्री कुलदीप यादव | स्व.दानबहादुर यादव | 05.10.1993 | DGP HQ | 2025 |
| 20 | 22 | 120520046 | श्री विकांत यादव | श्रीराजेन्द्र सिंह यादव | 05.07.1993 | 44 BN | 2025 |



Scanned with OKEN Scanner

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 21 | 23 | 120520033 | श्री जगवीर सिंह | स्व. अनूप सिंह | 01.09.1985 | AIH | 2025 |
| 22 | 24 | 122130050 | श्री अविनाश प्रताप सिंह | स्व. रामदास सिंह | 10.07.1984 | KBN | 2025 |
| 23 | 25 | 120750032 | श्री योगेश कुमार | स्व. वीरपाल सिंह | 07.05.1991 | MTA | 2025 |
| 24 | 26 | 122030187 | श्रीमती बबिता दीक्षित | स्व.दिनेश चन्द्र दीक्षित | 05.07.1984 | DGP HQ | 2025 |

3. पदोन्नति पाये उक्त पुलिस उपनिरीक्षक (गोपनीय) अपने नियुक्ति स्थान जनपद/इकाई /शाखा पर कार्यभार ग्रहण करेगें। उक्त कर्मियों के परिवीक्षा काल हेतु उ0प्र0 पुलिस लिपिक लेखा एवं गोपनीय सहायक संवर्ग सेवा नियमावली–2015 (यथा संशोधित) में अंकित प्रावधान के अनुसार कार्यवाही अपेक्षित होगी।

4. पदोन्नति पर कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व संबंधित पुलिस उपनिरीक्षक (गोपनीय) से **संलग्न प्रारूप (क)** में स्वहस्ताक्षरित घोषणा–पत्र लेकर यह सुनिश्चित किया जायेगा कि शासनादेश संख्याः 13/21/89–का–1–1997 दिनांकः 28.05.1997 के खण्ड–2 में दी गयी निम्नलिखित 03 परिस्थितियॉः–

(क) यदि कार्मिक निलम्बित चल रहा है,

(ख) यदि कार्मिक के विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाही या प्रशासनाधिकरण की कार्यवाही लम्बित है, जिसके लिये आरोप–पत्र जारी किया जा चुका है।

(ग) यदि आपराधिक आरोप के आधार पर कार्मिक के विरूद्ध अभियोजन की कार्यवाही लम्बित है अर्थात न्यायालय में अभियोजन हेतु आरोप–पत्र प्रस्तुत किया जा चुका है। उपरोक्त तीनों परिस्थितियॉ सम्बन्धित पुलिस उपनिरीक्षक (गोपनीय) के विरूद्ध विद्यमान न हों।

5. यदि स्वहस्ताक्षरित घोषणा–पत्र में अथवा अभिलेखों में प्रस्तर–3 में अंकित परिस्थितियॉ विद्यमान नहीं हैं तो सम्बन्धित पुलिस उपनिरीक्षक (गोपनीय) को पुलिस निरीक्षक (गोपनीय) के पद पर कार्यभार ग्रहण कराया जायेगा। यदि स्वहस्ताक्षरित घोषणा–पत्र में अथवा अभिलेखों में प्रस्तर–3 में अंकित परिस्थितियॉ विद्यमान पायी जाती है तो सम्बन्धित कर्मी के पदोन्नति के आदेश का कियान्वयन न कराया जाये तथा सम्पूर्ण तथ्यों सहित आख्या इस मुख्यालय को उपलब्ध कराते हुये दिशा–निर्देश प्राप्त किया जायेगा।

6. यदि सम्बन्धित पुलिस उपनिरीक्षक (गोपनीय) द्वारा स्वहस्ताक्षरित घोषणा–पत्र में अंकित कोई तथ्य असत्य अथवा छिपाया हुआ पाया जाता है तो सम्बन्धित पुलिस उपनिरीक्षक (गोपनीय) के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत कराये जाने की कार्यवाही उस जनपद/इकाई द्वारा की जायेगी, जिस जनपद/इकाई में सम्बन्धित पुलिस उपनिरीक्षक (गोपनीय) द्वारा स्वहस्ताक्षरित घोषणा–पत्र प्रस्तुत किया गया है। साथ ही प्रथम सूचना रिपोर्ट की प्रति सहित संबंधित कर्मी को पदावनत किये जाने के सम्बन्ध में कार्यवाही हेतु सम्पूर्ण तथ्य/अभिलेख इस मुख्यालय को उपलब्ध कराया जायेगा।

7. आदेश की प्रति उ0प्र0 पुलिस की वेबसाईट **http://uppolice.gov. in में 'Police Units- Police Hqrs-PHQ Circulars (subjects) - Ministerial Establishment** पर प्रदर्शित की जा रही है।

संलग्नकः प्रारूप (क)

(हस्ताक्षर) 4/9/25

(अखिलेश कुमार चौरसिया)
पुलिस उप महानिरीक्षक, स्थापना
उतर प्रदेश।

**प्रतिलिपिः** निम्नलिखित को उपरोक्त सन्दर्भ में कृपया सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1.अपर सचिव प्रोन्नति, उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ।
2.अपर पुलिस महानिदेशक/पुलिस महानिदेशक के जीएसओ, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 लखनऊ।
3.अपर पुलिस महानिदेशक,कानपुर/गोरखपुर/आगरा, जोन।
4.अपर पुलिस महानिदेशक,सीआईडी/पीएसी/पीटीएस जालौन/पुलिस अकादमी मुरादाबाद/रेलवे,उ0प्र0।
5.पुलिस आयुक्त, वाराणसी।
6.पुलिस महानिरीक्षक/उप महानिरीक्षक,कानपुर/देवीपाटन/गोरखपुर/आजमगढ़/अलीगढ़/बस्ती/आगरा, परिक्षेत्र।
7.वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक,इटावा/गोण्डा/कुशीनगर/देवरिया/महाराजगंज/आजमगढ़/अलीगढ़/संतकबीरनगर/मथुरा, उ0प्र0।
8.सेनानायक, 33वीं वाहिनी पीएसी/42वीं वाहिनी पीएसी प्रयागराज/44वीं वाहिनी पीएसी मेरठ,उ0प्र0।
9.पुलिस अधीक्षक, रेलवे गोरखपुर।

**संख्या तथा दिनांक वहीः–**

**प्रतिलिपिः**अपर पुलिस महानिदेशक, तकनीकी सेवायें, उ0प्र0, लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि वे कृपया संलग्न सूची को पत्र के प्रस्तर–7 में अंकित पुलिस की बेबसाइट पर अपलोड कराने की कृपा करें।



Scanned with OKEN Scanner

# स्वघोषणा—पत्र

मैं शपथकर्ता (नाम/पदनाम व पीएनओ)————————————————————पुत्र ——————————निवासी——————————थाना——————————जनपद——————————

वर्तमान में(जनपद/इकाई)————————————————————नियुक्त हूँ। मैं प्रमाणित करता हूँ कि:—

(1) मेरे विरूद्ध उ0प्र0 अधीनस्थ श्रेणी के पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों की (दण्ड और अपील) नियमावली—1991 के नियम—14(1) के अन्तर्गत कोई विभागीय कार्यवाही लम्बित/प्रचलित नहीं है और न ही कोई आपराधिक अभियोग मा0 न्यायालय में विचाराधीन है।

(2) मेरे विरूद्ध उ0प्र0 अधीनस्थ श्रेणी के पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों की (दण्ड और अपील) नियमावली—1991 के नियम—14(1) के अन्तर्गत जनपद/इकाई——————————में कार्यवाही लम्बित है, जिसमें दिनांकः——————को आरोप—पत्र दिया गया है।

(3) मेरे विरूद्ध मु0अ0सं0——————————धारा——————————————थाना——————————

जनपद——————————में लम्बित है, जिसमें दिनांकः——————————को स्थानीय पुलिस अथवा जॉच एजेन्सी——————————द्वारा आरोप—पत्र मा0 न्यायालय में प्रेषित किया गया है तथा अभियोग वर्तमान में——————————स्तर पर चल रहा है।

2— मेरे द्वारा प्रस्तुत घोषणा—पत्र में अंकित तथ्य यदि असत्य अथवा छिपाया पाया जाता है तो मेरे विरूद्ध स्थापित विधि व्यवस्था के अन्तर्गत नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जाय, जिस पर मुझे कोई आपत्ति नहीं होगी। यह घोषणा—पत्र मेरे द्वारा पूर्ण रूप से होशोहवास में बिना किसी दबाव के दिया जा रहा है, जिसका मेरे द्वारा पूर्ण रूपेण पालन किया जायेगा।

हस्ताक्षर

नाम/पदनाम/पीएनओ
नियुक्ति स्थान—
दिनांकः—

प्रमाणित
जनपद/इकाई के प्रभारी

नाम/पदनाम की मुहर

नोट—स्वघोषणा—पत्र के प्रस्तर—1 के उपप्रस्तर—(1), (2) व (3) में से जो लागू न हो उसे स्पष्ट रूप से काट (x) दिया जाय।

Scanned with OKEN Scanner